फर्द अहकाम

(नियम 26)

नाम अदालत जिला कलक्टर, अलवर मुकाम अलवर

उनवान बाबूलाल बनाम सरकार

किस्म मुकदमा अपील · नम्बर 14/13/2021

06/12/2021

तारीख हुक्म	हुक्म की कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
14.02.2023	पत्रावली पेश हुई। वकील रेस्पोडेन्टस उपस्थित। वकील अपीलान्ट उपस्थित नही। बार–बार आवाज लगवायी गयी वकील अपीलान्ट उपस्थित नही। वकील रेस्पोडेन्ट द्वारा निवेदन किया कि अपीलान्ट तहसीलदार अलवर के उनवान धनसिंह बनाम सौना निर्णय दिनाक 11.10.2021 के खिलाफ अपील में आये है, जबकि तहसीलदार अलवर के निर्णय में दिये गये खसरा न0 व अपीलान्ट के बयनामा में अंकित खसरा न0 मेल नही खाते है। तहसीलदार अलवर के निर्णय में हाल खसरा न0 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7 व 36 है। जिनका निर्णय हम रेस्पोडेन्ट के पक्ष में हुआ है, जबकि बाबूलाल के बयनामा में दर्ज खसरा न0 87, 88, 101, 102, 20, 21, 22, 23 व 454 अंकित है, जो अपीलान्ट के खरीदशुदा है, इस प्रकार तहसीलदार अलवर के निर्णय में दिये गये खसरा न0 से अपीलान्ट का कोई सम्बध व सरोकार नही है। गलत तथ्य बताते हुये गलत स्थगन प्राप्त किया गया है, स्थगन खारिज फरमाया जावे। वकील अपीलान्ट उपस्थित नही। बार–बार आवाज दिलायी गयी वकील अपीलान्ट उपस्थित नही। अन्तिम आवाज सायः 4.00 बजे लगवायी गयी वकील अपीलान्ट उपस्थित नही। अपील अपीलान्ट अदम–हाजरी अदम–पैरवी में खारिज की जाती है। पत्रावली फैसल शुमार होकर बाद तकमील जमा रिकॉड हों। जिला कलक्टर अलवर (राज0)	